मीत तू ही सांवरे | By Mukesh Bagda

मीत तू ही सांवरे तू ही पालनहार है
दु:ख में मेरा साथी तू ही, सुख का तू भण्डार है

मेरे पल में मेटता है सांवरिया तू ग़म
आसां करता कठिनाई को श्याम तू ही हर दम
ये मेरे जीवन की बगिया तुझसे ही गुलज़ार है

दीनो का नाथ तू ही है हारे हुए के है साथ
सर पे मेरे बना रहे यूँ श्याम तेरा ये हाथ
तुझसे ही ये मोहन चलता ये मेरा संसार है

तू श्याम सदा रखता है हर्ष भगत का मान
तेरा सेवक तुझसे पाए तेरी दया का दान
तू मेरी नैया का माझी बस तू ही पतवार है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%80%e0%a4%a4-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-mukesh-bagda/